शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष (2022-23) में स्टेशनरी सामग्री एवं कम्प्यूटर प्रिन्टर्स हेतु टोनर/कार्टेज (ब्लैक) की आपूर्ति हेतु दिनांक : 25-07-2022 को प्रकाशित निविदा विज्ञप्ति का विवरण।

कार्यालय श्रम आयुक्त उत्तराखण्ड, हल्द्वानी के अन्तर्गत शासकीय कार्यों के प्रयोगार्थ सम्पूर्ण वित्तीय वर्ष (2022-23) में स्टेशनरी सामग्री एवं कम्प्यूटर प्रिन्टर्स हेतु टोनर/कार्टेज (ब्लैक) की आपूर्ति हेतु सीलबंद पृथक-पृथक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

सीलबंद पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र (उक्तानुसार स्टेशनरी सामग्री एवं कम्प्यूटर प्रिन्टर्स हेतु टोनर/कार्टेज (ब्लैक) के लिए निविदा प्रपत्र अलग-अलग लिफाफों में जमा होंगे) निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक : 10-08-2022 की अपरान्ह 04:00 बजे तक कार्यालय श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड, श्रम भवन, नैनीताल रोड, हल्द्वानी में प्राप्त होने आवश्यक हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदाएं अस्वीकार्य होंगी। (फर्म द्वारा 1- स्टेशनरी सामग्री एवं 2- कम्प्यूटर प्रिन्टर्स हेतु टोनर/कार्टेज (ब्लैक) की आपूर्ति हेतु सीलबंद पृथक-पृथक दोनों निविदाएं अथवा एक सामग्री हेतु भी निविदा प्रस्तुत की जा सकती है।)

प्राप्त सीलबंद पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक : 11-08-2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।

निविदा प्रपत्रों का तुलनात्मक अध्ययन करने के उपरान्त विभागीय समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुसार योग्य न्यूनतम दरदाता फर्म को पत्र द्वारा भविष्य में आवश्यकतानुसार आपूर्ति हेतु पृथक से सूचित कर दिया जाएगा।

श्रम आयुक्त
उत्तराखण्ड

ह०/-
श्रम आयुक्त, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी।